महोबा पुलिस

थाना महोबकंठ की पुलिस टीम ने 02 किलो 77 ग्राम अवैध सूखे गांजे के साथ 01 नफर अभियुक्त को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंशल के निर्देशन में जनपद महोबा में अपराध की रोकथाम हेतु अवैध मादक पदार्थों की बिक्री पर प्रभावी रोकथाम एवं ऐसे क्रियाकलापों में शामिल अभियुक्तों की चेकिंग एवं उनकी गिरफ्तारी/बरामदगी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में आज दिनांक 17.09.2024 को अपर पुलिस अधीक्षक, श्रीमती वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़, श्रीमती हर्षिता गंगवार के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना महोबकंठ राधेश्याम वर्मा द्वारा गठित की गई व0उ0नि0 सत्येन्द्र सिंह के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने थानाक्षेत्र अन्तर्गत ग्राम रिवई के पास अवैध गांजे के साथ एक नफर अभियुक्त जीतेन्द कुमार पुत्र वृन्दावन अहिरवार उम्र करीब 27 वर्ष निवासी ग्राम करहरा थाना कोतवाली महोबा जनपद महोबा जिसके कब्जे से 02 किलो 77 ग्राम सूखा गाँजा नाजायज बरामद करते हुये अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। अवैध गाँजा बरामदगी के आधार पर अभियुक्त उपरोक्त के विरुद्ध थाना महोबकंठ में मु0अ0सं0 175/24 धारा 8/20 NDPS ACT का अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्त को मा0 न्यायालय में पेशी हेतु भेजा गया।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम:-

1. व0उ0नि0 सत्येन्द्र सिंह 2. प्रशिक्षु उ0नि0 अनुज कुमार सिंह
3. कां0 सौरभ सिंह 4. कां0 उमाशंकर यादव थाना महोबकंठ जनपद महोबा

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण एवं बरामदगी -

जीतेन्द कुमार पुत्र वृन्दावन अहिरवार उम्र करीब 27 वर्ष निवासी ग्राम करहरा थाना कोतवाली महोबा जनपद महोबा। अभियुक्त के कब्जे से एक स्लेटी रंग के बैग में 02 किलो 77 ग्राम सूखा गांजा नाजायज बरामद होना।

थाना श्रीनगर की पुलिस टीम ने वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंशल के निर्देशन में जनपद महोबा में अपराध की रोकथाम हेतु अवैध मादक पदार्थों की बिक्री पर प्रभावी रोकथाम एवं ऐसे क्रियाकलापों में शामिल अभियुक्तों की चेकिंग एवं उनकी गिरफ्तारी/बरामदगी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में आज दिनांक 17.09.2024 को अपर पुलिस अधीक्षक, श्रीमती वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी चरखारी श्री रविकान्त गौंड के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना श्रीनगर श्री शिवपाल सिंह द्वारा गठित की गई उ0नि0 अर्जुन सिंह मय हमराह का0 अजीत सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने थाना श्रीनगर में पंजीकृत हुए मु0अ0सं0 193/24 धारा 307 भादवि से सम्बन्धित 01 नफर वांछित अभियुक्त प्रीतम लाल कुशवाहा उर्फ पप्पू उम्र 27 वर्ष पुत्र मोहन लाल कुशवाहा निवासी ग्राम ज्यौरइया थाना श्रीनगर जनपद महोबा को थानाक्षेत्र के बिलरही तिराहा के पास से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध नियमानुसार आवश्यक वैधानिक कार्यवाही सम्पादित कर अभियुक्त को मा0 न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1. उ0नि0 अर्जुन सिंह
2. का0 अजीत सिंह

गिरफ्तार वांछित अभियुक्त का विवरण-

प्रीतम लाल कुशवाहा उर्फ पप्पू उम्र 27 वर्ष पुत्र मोहन लाल कुशवाहा निवासी ग्राम ज्यौरइया थाना श्रीनगर जनपद महोबा